## खबर संक्षेप



### सीएचसी लैलूंगा में बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवंशी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां के सभा कक्ष में बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने टीकाकरण, गर्भवती पंजीयन, कुष्ठ मलेरिया महामारी जैसे उल्टी, दस्त से बचने के उपाय, मातृ मृत्यु शिशु मृत्यु दर पर रोक, एच आई वी जाँच, सिकलसेल जाँच, कैंसर ब्रेस्ट कैंसर, मुख कैंसर, सरवायकल कैंसर, रक्त चाप, शुगर जाँच के संबंध में जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु उपायों पर गहराई से समीक्षा कर निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानु पटेल, डॉ दिनेश नायक, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ लखन लाल पटेल, डॉ.डीएस पैंकरा, विकासखंड प्रबंधक अश्वनी साय, बीडीएम रवि चौधरी, बीईटीओ पीएस पटनायक एवं समस्त सुपरवायजर, आरएचओ महिला पुरूष तथा सीएचओ उपस्थित रहे।

### प्रधान पाठक की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

**घरघोड़ा।** माध्यमिक शाला बनाई के प्रधान पाठक प्रकाश चंद शर्मा अपनी अधिवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत हो रहे हैं उनको हायर सेकेंडरी स्कूल औराईमूड़ा में शाला परिवार की ओर से सम्मान पूर्वक विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई, प्रकाश चंद शर्मा अपनी शासकीय सेवा प्राथमिक शाला बिजना से प्रारंभ कर नीलू पारा, कोलम, चितवाही पुनः कोलम होते हुए माध्यमिक शाला बनाई में प्रधान पाठक के पद पर



अपनी अर्धवार्षिक की पूर्ण की। विदाई समारोह में विद्यालय से संतोष कुमार पांडे सुशील कुमार पटेल, विजया पंडा सीता नायक प्रतिभा सिंह नम्रता गुप्ता रंजीत नागेसिया, गोकर्ण दास वैष्णव अजय कुमार फागू लाल, जगत राम वारे कृष्ण महंत राम शरण शर्मा, माध्यमिक शाला से रुद्रप्रताप पुजारी शिवकुमारी पूरसेठ, अशोक सूर्यवंशी राकेश बघेल हरेंद्र साव एवं शासकीय कर्मचारी उपस्थितथे।

### शासकीय शाला में समर कैंप का आयोजन

**रायगढ़।** विकासखंड में परीक्षा उपरांत शाला में बच्चों की उपस्थिति बनाये रखने तथा सीखने सिखाने की प्रक्रिया से जोडने के उद्देश्य से समर कैंप का संचालन स्व प्रेरित शिक्षकों के द्वारा शालाओं में किया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा अकादमिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिस हेतु बीते दिनों के एक अकादमिक बैठक का आयोजन संकुल स्तर पर किया गया था। जिसमें बच्चों के संग मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता एफएलएन को लेकर प्रतिदिन आयोजित किए जा सकने वाली गतिविधियों के साथ साथ कला, खेल कूद की गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया।

## निधन

### श्रीमती चंपा देवी गुप्ता

**घरघोड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी



स्व. अंजनी कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती चंपा देवी गुप्ता का 86 वर्ष की आयु में 21 अप्रैल को निधन हो गया। वह अपने पीछे पांच पुत्र तीन पत्रियां एवं पोते पोतियों से भरा परिवार छोड़ गईं। उनके इस आकस्मिक निधन से परिवार जनों के साथ उनको जानने पहचानने वालों में शोक व्याप्त है। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार रायगढ़ के मुक्तिधाम में किया गया।

## जिले भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया हनुमान प्राकट्य उत्सव

# मंगल को जन्मे, मंगल ही करते, मंगलमय भगवान





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को चैत्र मास की पूर्णिमा को शहर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर के लगभग सभी हनुमान मंदिर रंगए बिरंगी झालरों से जगमगाते नजर आये।

संकट हरने वाले हनुमान जन्मोत्सव की महाआरती 23 अप्रैल को सुबह मंदिरों में बाजे, गाजे से की गई। सुभाष चौक स्थित सिद्ध पीठ हनुमान थी, पहाड मंदिर, सतीगुडी चौक, लक्ष्मीनारायण मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, किलकित पवनसुत, समेत सभी हनुमान मंदिरों पर विशेष चोला चढ़ा श्रृंगार किया गया एवं छप्पन भोग लगाए गए। जगह.जगह भण्डारे के आयोजन भी किया गया जिसमें लाखों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में 23 अप्रैल को को शहर के विभिन्न स्थानों पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंगलवार को समूचा नगर रामभक्त हनुमान की भक्ति में मग्न नजर आया। पौराणिक कथा के अनुसार हनुमानजी का जन्म मंगलवार को हुआ था, इसलिए इस बार हनुमान जन्मोत्सव का महत्व और भी बढ़ गया है। इसके साथ ही हनुमान जयंती पर मीन राशि में पंचग्रही योग बनेगा। साथ ही मेष राशि में बुधादित्य राजयोग, कुंभ राशि में शनि शश राजयोग का संयोग भी बनेगा। सभी मंदिरों में हनुमान प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया और आरती की गई।



### हनुमान जयंती पर लोगों में उत्साह, सुबह से ही शुरू हुआ मंदिरों में कार्यक्रम

**सरिया।** हनुमान जयंती के अवसर पर नगर में हनुमान मंदिरों में भक्तों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। हनुमान भक्त सुबह से ही हनुमान मंदिर में पहुंचकर हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड पाठ किया। इसके साथ ही मंदिरों में भजन कीर्तन और रामचरितमानस के पाठ का आयोजन किया गया। नगर के आईटीआई स्थित हनुमान मंदिर में आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें आईटीआई छात्र-छात्राओं सहित आईटीआई के कर्मचारी अधिकारी गण उपस्थित थे। इसी तरह पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर को आकर्षक फूलों के साथ रंग बिरंगे लाइटों से सजाई गई। यहां भी हनुमान जी के विशेष पूजा अर्चना के साथ सुंदरकांड पाठ एवं महा भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी श्याम दास ने कहा कि आज ही के दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। आज उनके जन्मदिन के उपलक्ष पर विशेष पूजा अर्चना की गई। इस दौरान हवन एपूजन के साथ सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के भजनों के साथ जन्म उत्सव को उत्साह के साथ मनाया। नगर के हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु की भीड़ देखी गई। श्रद्धालु अपने साथ हनुमान जी को प्रिय लगने वाले भोग प्रसाद जैसे बूंदी, मोतीचूर का लड्डू, चूरमा, चना गुड आदि लेकर पहुंचे। हिंदू मान्यता के अनुसार कलयुग में राम भक्त हनुमान की साधना सभी सुखों को दिलाने और मनोकामनाओं को पूरा करने वाली मानी गई है।



### चंदाई में हनुमान मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

**कटेली।** सारंगढ़ जिला मुख्यालय के ग्राम पंचायत चंदाई में प्रभु राम के दूत हनुमान की मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा। हनुमान जयंती के पूर्व संध्या गांव में बाजे गाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गईं ।गांव में उत्साह रहा माहोल। हनुमान भक्तों ने उत्सुकता के साथ शोभा यात्रा में शामिल होकर धर्म की रक्षा का संकल्प लिए। हनुमान जयंती पर विधि विधान के साथ मूर्ति स्थापित किया गया। हनुमान को भगवान प्रभु श्री राम का दूत कहा जाता है। हनुमान के उपासक घर से मंदिर तक उनकी प्रतिमा स्थापित करते है। हनुमान को बल बुद्धि का देव माना जाता है उनकी पूजा अर्चना करने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं इस मान्यता से घर घर में हनुमान की पूजा होती है।चंदाई गांव में प्राण प्रतिष्ठा के साथ हनुमान की मंदिर में मूर्ति स्थापित किया गया। लोगों में आस्था के साथ मूर्ति स्थापना के बाद पूजा अर्चना करने गांव के लोग पहुंचे हुए थे। वही हनुमान के उपासकों ने उत्साह रहा। जिसमे भव्य रूप से भंडारा का आयोजन किया गया वही समस्त ग्राम पंचायत के नागरिक उपस्थित रहे।

### पहाड़ मंदिर पर बजरंगबली के जन्मोत्सव की धूम



**रायगढ़।** स्थानीय कमला नेहरू उद्यान हनुमान मंदिर से बाजे गाजे के साथ हनुमानजी की निशान यात्रा सुबह 7 बजे निकल कर पहाड़ मन्दिर स्थित हनुमानजी के मंदिर में समापन किया गया। निशान यात्रा के मार्ग में स्थित लोचन नगर की महिला समिति ने निशान यात्रा का भरपूर जोश के साथ निशान यात्रा का जय जय श्री राम, हनुमानजी की जय नारों व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया यात्रियों को शीतल जल, बिस्किट, आईसक्रीम की व्यवस्था की, जिसकी सभी हनुमानजी के भक्तों ने उदार ह्रदय से प्रशंसा की। इससे पहले स्वागत के कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ के जाने माने हास्य कलाकार छत्तीसगढ़ कॉमेडी क्लब के प्रदेशाध्यक्ष मनेष कंकरवाल ने संचालन किया। इस बार लोचन नगर महिला समिति से मोना कंकरवाल, उमा अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, विस्मिता मिश्रा, राजश्री मिश्रा, जया तिवारी, सरिता नामदेव, राखी उपाध्याय, रूपा पांडेय, मीना शुक्ला, साक्षी शुक्ला, सरोज सोनी, दीप्ति विश्वकर्मा, कमला प्रजापति, अनिता साहू ने मिलकर मनेष कंकरवाल के संयोजन में कार्यक्रम में भरपूर सहयोग किया।

### सांई मंगलम कॉलोनी में हनुमान जन्मोत्सव पर महा भंडारा



शहर के टीवी टावर रोड स्थित सांई मंगलम कॉलोनी में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोमवार सुबह से शुरू हुआ अखंड रामायण पाठ मंगलवार सुबह पूरा हुआ। इसके बाद पूजन हवन उपरांत भंडारा हुआ। सभी भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया गया। सांई मंगलम कॉलोनी में हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ होकर मंगलवार को खत्म हुए। सोमवार सुबह दस बजे से शुरू हुआ अखंड रामायण पाठ मंगलवार सुबह तक चला। समस्त कॉलोनीवासी एकजुट होकर हनुमान की भक्ति में लीन रहे। कॉलोनी के हर परिवार ने इस आयोजन में शामिल होकर भक्तिरस का रसपान किया। बुजुर्ग, महिला, बच्चे सभी ने कार्यक्रम का आनंद लिया। बच्चों को राम, सीता, हनुमान और शिवजी की वेशभूषा में तैयार किया गया। अध्यक्ष अलेख डनसेना और सचिव राघवेंद्र द्विवेदी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर कॉलोनी में भक्तिमय वातावरण रहा। मंगलवार को सुबह से हवन पूजन हुआ। पूर्णाहुति के बाद भगवान को भोग लगाया गया। इसके बाद भक्तों में प्रसाद बांटा गया।

### नवोदित समिति ने किया प्रसाद वितरण



शहर की सक्रिय सामाजिक संस्था नवोदित दुर्गा उत्सव समिति द्वारा हनुमान जयंती के पावन अवसर पर लगाए भंडारे में रामभक्तों ने लोगों को प्रसाद वितरित कर भरपेट भोजन कराया। रामभक्त हनुमान के जन्मोत्सव को यादगार बनाने के लिए सत्तीगुड़ी चौक में भरत कूप के समीप भंडारे का आयोजन किया गया। नवोदित दुर्गा उत्सव समिति के कर्ताधर्ताओं ने निःस्वार्थ भाव से लोगों को प्रसाद के रूप में भोजन परोसते हुए उनकी सेवा की। तपती धूप होने के बावजूद समिति सदस्यों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर खुद को धन्य किया। इस अवसर पर मेयर इन कौंसिल मेम्बर विकास ठेठवार, जय साहू, राकेश चौधरी, अज्जू यादव, प्रकाश सोनी, दीपक निषाद, दीपेश पांडेय, सतीश अग्रवाल, विजेंद्र यादव, दद्दू ठाकुर, नानू यादव, देवेश यादव और पंकज शर्मा सहित नवोदित दुर्गा उत्सव समिति के लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### हनुमान चालीसा और बजरंग बली के भजन दिन भर गूंजते रहे



सारंगढ़ के गढ़ चौक में चालीसा पाठ व भंडारा

**सारंगढ़।** हिंदुओं के धर्म ध्वज वाहक हनुमंत लला का आज जन्म उत्सव गढ़ चौक में धूमधाम से मनाया गया। हनुमंत मंदिर समिति गढ़ चौक के द्वारा विगत वर्ष के भांति इस वर्ष भी भव्य और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। गढ़ चौक हनुमान मंदिर में दिनभर भजन, कीर्तन, हवन, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ श्रद्धालु भक्तों के द्वारा किया गया। शहर के अन्य हनुमान मंदिरों में भी और चौक चौराहों पर विराजित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव जोर शोर से मनाया गया।

### सामान्य प्रेक्षक ने केआईटी स्ट्रांग रूम परिसर का किया निरीक्षण



**रायगढ़।** सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह सोमवार को केआईटी स्ट्रॉन्ग रूम परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य संपन्न कराने हेतु मशीनों के आवागमन, मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री वापसी की व्यवस्था, आवश्यक मूवमेंट, मतगणना स्थल एवं पहुंच मार्ग जैसे व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

सामान्य प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह केआईटी स्ट्रॉन्ग रूम परिसर गढ़उमरिया में स्थित चारों विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में मशीनों के रखने के पश्चात जनप्रतिनिधियों के द्वारा किए गए चस्पा हस्ताक्षर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर में सुरक्षा हेतु लगाए गए सीसी टीवी कैमरे की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं की जानकारी लेने पर अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने बताया कि चारों विधान सभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम के सामने एवं कॉरिडोर में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है।

### ईश्तहार

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम विजेपुर तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित खसरा नं. 16/3क रकबा 0.024 हैक्टे भूमि जो कि वर्तमान में मनोज कुमार देवांगन आ. सुरेन्द्र प्रसाद देवांगन निवासी कोतरा रोड़ तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) के हक स्वामित्व व कब्जे की है तथा राजस्व अभिलेखों में मनोज कुमार देवांगन का नाम दर्ज है।

उपरोक्त संपत्ति के पूर्व क्रेता इन्द्रपाल सिंह भाटिया आ. स्व. हरवंश सिंह भाटिया ने विक्रेता बंशीधर मेहर आ. स्व. बिपतराम मेहर से दिनांक 25/07/2001 को पुस्तक क्रमांक अति- 1 /2456 दस्तावेज क्र0 1138, पृष्ठ नं. 41 से 43 उप पंजीयक रायगढ़ में पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया था। जिसे कि बाद में मनोज कुमार देवांगन ने दिनांक 01/01/2014 को क्रय कर लिया है। वर्तमान में मनोज कुमार देवांगन ने चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फायनेंस कं. लि. शाखा रायगढ़ से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। पूर्वोक्त विक्रय पत्र दिनांक 25/07/2001 की मूल प्रति कहीं गुम हो गई है, पर्याप्त खोजबिन के पश्चात भी विक्रय पत्र का कहीं पता नहीं चल रहा है। गुम होने संबंधी सूचना संबंधित थानें मे दे दी गई है।

मैं संजय कुमार पण्डा अधिवक्ता रायगढ़ अपने पक्षकार चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फायनेंस कं. लिमिटेड शाखा रायगढ़ की ओर से अधिकृत होकर दैनिक समाचार पत्र में यह ईश्तहार प्रकाशित करता हूँ कि उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक इत्यादि को कोई उजर, आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि के पन्द्रह दिवस (7 दिन) के भीतर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करायें। समयावधि के पश्चात की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य समझी जायेगी तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में साम्यिक बंधक कर लिया जावेगा।

सो सूचना जार्ने।

संजय कुमार पण्डा
अधिवक्ता
ऑफिस/निवास-गढ़उमरिया
जिला रायगढ़ (छ.ग.)
मो.98266 04858

## पेज 1 का शेष

### आंबा कार्यकर्ताओं ...

तथा महतारी वंदना में काम किए हुये आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं महिला समूहो की राशि स्वीकृत हुआ है और वह राशि एक साथ कार्यालय के जरिए वितरीत हो रही है। गरम भोजन की राशि के भुगतान के महिला समूहों से तथा तथा शेष राशि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से अलग अलग कमीशन लेने का तथ्य सामने आया है जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 1-1 हजार देनी पड रही है। इस राशि को पुसौर जनपद के 331 कार्यकर्ताओं द्वारा दिए जाने का खबर प्रकाश में आया है जिसकी पुष्टि स्वयं आंगनबाडी कार्यकर्ता भी तैयार नहीं है चूंकि अपने नौकरी गंवाने का भय होता है। वहीं इस तथ्य पर डुमरमुडा सेक्टर में ज्यादा तुल पकडी और इसकी शिकायत मंत्री ओपी चौधरी के समक्ष की गई है। इस शिकायत में यह भी उल्लेख है कि संबंधित सुपरवाईजर नैनसी राज ने आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के साथ दुव्यहार करती है, जबरन अपने समय में मिटींग रखती है जबकि वह समय परिवार का होता है। इस संबंध में बताया जाता है कि 7 से 11 के बीच आंगनबाडी केन्द्र न आकर इसके बाहर ये आती है और केन्द्र का ताला बंद दिखाया जाकर संबंधित कार्यकर्ता पर कार्यवाही करती है और कई तरह की धमकी देती है इसलिए इन्होंने तंग आकर इनके स्थानांतरण की मांग की है।




